आईआईएम के डॉयरेक्टर प्रो. काकानी की बजट पर प्रतिक्रिया समय की जरूरत के हिसाब से डिमांड को प्रोत्साहित करने वाला बजट

अर्थव्यवस्था को उच्च विकास पथ पर ले जाने वाले प्रावधान : प्रो. काकानी

नवभारत ब्यूरो । रायपुर। आईआईएम रायपुर के डायरेक्टर प्रो. रामकुमार काकानी का मामना है कि वर्ष 2023-24 के लिए पेश किया गया बजट बहुत शानदार है। पूंजीगत व्यय में 33 फीसदी वृद्धि, करदाताओं को राहत समेत बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, वे अर्थव्यवस्था को उच्च विकास के पथ पर ले जाने में सहायक होंगे। इसे समय की जरूरत के हिसाब से डिमांड को प्रोत्साहित करने वाला बजट कहा जा सकता है।

>> शेष पेज 2 पर

व्यापक तबके के लोगों के हाथ में होगा पैसा

दूसरा, बजट में प्रत्येक वर्ग के करदाताओं को राहत दी गई है। 7 लाख रुपए सालाना आय वालों को कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। इसका तात्पर्य यह है कि व्यापक तबके के लोगों के हाथ में अधिक पैसा होगा, जो बदले में उपभोग खर्च को प्रोत्साहित करेगा। ये कदम निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को उच्च विकास पथ पर ले जाएंगे।

छत्तीसगढ़ को मिलेगा पीएम-पीवीटीजी का लाभ

प्रो. काकानी का कहना है कि प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीएम- पीवीटीजी) विकास मिशन कमजोर जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करेगा। यह विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा तक बेहतर पहुंच, स्वास्थ्य और पोषण, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगा।

Navbharat, 2nd Feb. 2023,p. 1(Rajdhani)